मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com


RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20


वर्ष : ०९ संयुक्तांक :१५ मुंबई, शुक्रवार १८ जनवरी से २४ जनवरी २०१९ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

## मालाड पूर्व अप्पा पाड़ा पोईसर नदी से पीड़ित

# 180 लोगों को घर व न्याय दिलाने के लिए भारतीय सेवा महासंघ मुंबई ने चलाया था अभियान

- ❖ दर्जनों जन प्रतिनिधियों ने पीड़ित पोइसर नदी के लोगों को जीवन सुरक्षा के समर्थन में शासन प्रशासन को लिखा था पत्र
- ❖ भारतीय सेवा महासंघ मुंबई का कई वर्षों का अथक प्रयत्न, वैभव भरडकर का नेतृत्व, आमदार विद्याताई चव्हाण द्वारा विधानसभा में उठाई आवाज से मिला न्याय - डॉ. आर.एम. तिवारी
- ❖ मुख्यमंत्री ने दिया था आश्वासन, सत्य की लड़ाई लड़ने वालों की हुई जीत
- ❖ ९ वर्ष बाद मिला न्याय १८० घरों में रहने वालों का जीवन हो गया सुरक्षित - शीतला प्रसाद यादव
- ❖ जीत की खुशबू (महक) के दावेदार विद्याताई चव्हाण, वैभव भरडकर को जाता है - सत्यवान सोनावणे
- ❖ विकास का खुल गया नया मार्ग - ओमप्रकाश पाण्डेय
- ❖ २५ वर्षों से बर्बाद हो रहे थे, पोईसर नदी के रहिवाशियों को विद्या चव्हाण ने घर दिलाकर बहुत अच्छा काम किया - प्रवीण खडताले





**पूजा पाण्डेय**

**मुंबई ।** मालाड (पूर्व) स्थित अप्पा पाड़ा से निकलने वाली पोईसर नदी के बगल में बसे आनंद नगर, प्रथमेश नगर, गोकुल नगर, जय महाराष्ट्र नगर, गांधी नगर टेकडी, गोरखनाथ चाल कमेटी गंगा जमुना सोसायटी, जय भवानी मित्र मंडल इत्यादि रहिवाशियों के ऊपर जरा सी बारिश होने पर खतरे के बादल मंडराने लगते हैं। जिसकी वजह से रहिवाशियों की नींद हराम हो जाती है। पोईसर नदी में डूबने वाले १८० घरों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय सेवा महासंघ मुंबई के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ तिवारी ने सन् २०१०से लगातार मुंबई, महाराष्ट्र के शासन प्रशासन के बीच २५ वर्षों से डूब रहे रहिवाशियों का दु:ख और दर्द से अवगत कराने का काम करते आ रहे हैं।

२६ जुलाई २००५ को बारिश हुई थी, बाढ़ आई थी, नदी संकरी होने के कारण से सैकड़ों घर बह गये थे, जिसमें कई महिला-पुरुष व नन्हें मुन्ने बच्चे तक बह गये, जिसमें कई लाखों का नुकसान हुआ था। जिनको देखते हुए भारतीय सेवा महासघ मुंबई ने मनपा आयुक्त, मनपा अतिरिक्त आयुक्त सहायक आयुक्त पी/उत्तर विभाग के अलावा नगरसेवक भौम सिंह राठौड, आमदार राजहंस सिंह, सांसद गुरुदास कामत, प्रभाग समिति अध्यक्ष मुंबई मनपा सभागृह नेता सुनील प्रभु, मनपा विरोधी पक्ष के नेता राजहंस सिंह के अलावा दैनिक समाचार पत्र जागरूक टाइम्स, निर्भय पथिक, जन संसार, मुंबई हलचल, मेट्रो दिनांक, न्यूज नाईन के अलावा कई समाचार पत्रों एवं टी.वी. चैनलों के माध्यम से सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते आ रहे हैं। इसके























अलावा ८ जून २०११ के शाम ६.३० बजे पोईसर नदी के बगल तिरुपति वेलफेयर सोसायटी गांधी नगर टेकडी, मालाड पूर्व में रुम गिरा, जिसमें मुन्नीलाल निरहू विश्वकर्मा कैंसर से पीड़ित व्यक्ति और उनके ही परिवार के ९ लोग रहते थे, जिसमें उनकी पत्नी नीलम, बेटा अशोक, बहू रूसी, दूसरा बेटा विशाल, बेटी सुमन, नातिन प्रांजल, इत्यादि और दूसरा भी रूम इसके साथ में गिरा था, जिसका मालिक प्रजापति था, उसमे भी लगभग २ से ३ लोग रहते थे। यह रूम गिरने की घटना दिन को हुई, इसी से सब लोग बाल बाल बच गए, अगर यही रूम रात में गिरा होता तो दर्जनों लोगों की जान चली जाती। इस घटना की भी पूरी जानकारी फायर ब्रिगेड, पुलिस, मनपा शासन-प्रशासन को दी गई। पुलिस, मनपा द्वारा शासन प्रशासन के लोगों ने आकर पंचनामा किया। मगर विश्वकर्मा का परिवार आज पुन: रूम को बनाकर अपना परिवार सहित मौत के साए में भी जीने को मजबूर है।

भारतीय सेवा महासंघ मुंबई की पहल पर तत्कालीन मुंबई मनपा आयुक्त स्वाधीन क्षत्रिय, अतिरिक्त आयुक्त मनीषा म्हैसकर, मुंबई सुधार समिति उपायुक्त किरण आचरेकर, सहायक आयुक्त पी /उत्तर विभाग के अलावा मुंबई के महापौर, विरोधी पक्ष के नेता राजहंस सिंह, केंद्रीय मंत्री सांसद गुरुदास कामत, माजी गृह राज्यमंत्री गजानन कीर्तिकर, आमदार गोपाल शेट्टी, सभागृह नेता सुनील प्रभु, पूर्व महापौर व नगरसेवक दिलीप पटेल, डॉ. राम बारोट, ज्ञानमुर्ति शर्मा, अजीत रावराणे, गणपत वारिसे, डॉ. अजंता यादव,

**(शेष पृष्ठ ३ पर)**

## संपादकीय

### २०१९ का चुनाव

**कांग्रेस आम चुनाव में लोगों के बीच रोजगार को सबसे बड़ा मुद्दा बनाएगी। मोदी सरकार के पांच सालों के कामकाज की सबसे बड़ी विफलता के रूप में रोजगार के मुद्दे को पेश करते हुए पार्टी अपने घोषणा पत्र में विस्तार से रोडमैप पेश करेगी कि रोजगार कैसे और किस तरह पैदा करेंगे। इसके लिए पार्टी विजन डॉक्यूमेंट बना रही है। उसमें पूर्व रिजर्व बैंक गवर्नर रघुराम राजन अहम भूमिका बना रहे हैं। राजन ने एक डिटेल रिपोर्ट इस संबंध में बनाई है, जिसका उपयोग पार्टी करेगी।हालांकि, रघुराम राजन पार्टी में शामिल होंगे या कोई भूमिका होगी या नहीं, अभी इस बारे में कुछ भी नहीं बताया जा रहा है, लेकिन पार्टी के एक सीनियर नेता ने स्वीकार किया कि उन्होंने रोजगार के बारे में एक डिटेल रिपोर्ट दी है, जिसे कांग्रेस के घोषणा पत्र में जगह दी जा सकती है। राजन मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की कई बार सार्वजनिक आलोचना कर चुके हैं। वह मोदी सरकार के दौरान २०१६ में हुई नोटबंदी के भी कटु आलोचक रह चुके हैं। इस बीच, पूर्व रिजर्व बैंक गवर्नर और मशहूर अर्थशास्त्री को लेकर सियासी अटकल तेज हो गई है।**



## गुरुग्राम में होटल मैनेजर को सरेआम मारी गोली, घटना सीसीटीवी में कैद

**गुरुग्राम :** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित फाजिलपुर में एक होटल मैनेजर को गोली मार देने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक फाजिलपुर के श्री राम होटल के मालिक को एक अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी जिसके बाद उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल मैनेजर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना का वीडियो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है। बता दें कि सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि एक अज्ञात हमलावर ने आकर कैश काउंटर पर बैठे होटल मैनेजर को सरेआम गोली मार दी। गोली लगने के बाद होटल मैनेजर वहीं गिर गया, उसे घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अभी तक साफ नहीं हो पाया है कि गोली मारने का क्या कारण था।

## मुंबई के लोगों को राहत, HC के दखल के बाद BEST कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, बस सेवाएं शुरू

**मुंबई,** मुंबई में बेस्ट (बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई ऐंड ट्रांसपोर्ट) कर्मचारियों की एक हफ्ते से ज्यादा अरसे से चल रही हड़ताल आखिरकार खत्म हो गई है। बेस्ट कर्मचारी यूनियन इस संबंध में बॉम्बे हाई कोर्ट के दखल देने के बाद हड़ताल वापस लेने पर राजी हो गई है। बता दें कि पिछले ९ दिन से बेस्ट के करीब ३० हजार कर्मचारी हड़ताल पर थे। हड़ताल की वजह से मुंबई के करीब २८ लाख लोगों को काफी मुश्किल झेलनी पड़ रही थी।

हाई कोर्ट ने बेस्ट की मांगों को देखने के लिए एक रिटायर्ड जस्टिस को नियुक्त करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही इन्क्रिमेंट के लिए एक दस सूत्रीय सुझाव दिया है। हाई कोर्ट के कदम पर बेस्ट कर्मचारी यूनियन ने सहमति जताई है। इसके साथ ही बेस्ट की हड़ताल खत्म होने का रास्ता साफ हो गया है।



**इन मांगों को लेकर थी बेस्ट की हड़ताल**

बेस्ट की सबसे अहम मांग बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के बजट में बेस्ट को शामिल करने की थी। जिससे नुकसान में चल रही बेस्ट सेवा का घाटा बीएमसी के कोष से पूरा किया जा सके। बीएमसी में सत्ताधारी शिवसेना इसके लिए तैयार नहीं थी। हालांकि, महाराष्ट्र सरकार बेस्ट का बजट बीएमसी में जोड़ने के लिए तैयार है। बेस्ट कर्मचारी संगठन आर्थिक सुधारों का भी विरोध कर रहे हैं। बेस्ट की खस्ता हालत को सुधारने के लिए आर्थिक सुधारों की पैरवी की जा रही है। इसी क्रम में प्राइवेट ठेकेदार से बसें लेकर उसे रास्तों पर चलवाने का इरादा है। कर्मचारी यूनियन इसे निजीकरण बताकर इसका विरोध कर रहे हैं। जूनियर ग्रेड के कर्मचारियों की पदोन्नति दूसरा अहम मुद्दा है। इसके लिए भी प्रशासन राजी नहीं है। इसके अलावा बोनस पेमेंट, पूर्व स्टाफ के लिए ग्रैच्युटी, स्टाफ क्वॉर्टर और जूनियर स्टाफ के लिए ग्रेडेशन जैसी अन्य मांगों के लिए प्रपोजल बनाने की भी मांग थी।

## कुंभ २०१९: प्रयागराज के मेले में सिलेंडर फटने से लगी भीषण आग, दर्जनभर टेंट जलकर राख

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मंगलवार से शुरू होने वाले कुंभ मेले में हादसे की खबर है। रिपोर्ट के मुताबिक, मेले में सिलेंडर फटने से काफी नुकसान हुआ है। सिलेंडर दिगम्बर अखाड़े में फटा है जिसके बाद अखाड़े के टेंट को काफी नुकसान हुआ है और यहां रखे सामान जलकर राख हो गए हैं. बताया जा रहा है कि दिगम्बर अखाड़े में लगी आग से पास के दूसरे टेंट को भी नुकसान पहुंचा है. आग लगने की घटना के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं. टेंट में रखे साधु-संतों के सामान जलकर राख हो गए. बहरहाल, प्रशासन का कहना है कि आग बुझा लिया गया है और अब उस जगह को साफ किया जा रहा है. इस हादसे में न किसी की मौत हुई है और न ही कोई घायल हुआ है. उधर, साधु-संतों में इस घटना के बाद से काफी नाराजगी है. उनका कहना है कि इस हादसे में हमें नुकसान हुआ है. हमारी मांग है कि सरकार व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त कराए. बता दें कि कुंभ मेले की औपचारिक शुरुआत मंगलवार से हो रही है. १५ जनवरी को मकर संक्रांति के दिन शाही स्नान होगा.

कुंभ मेले में पूरे देश के साथ ही दुनियाभर की नजरें टिकी हुई हैं. कुंभ मेले के भव्य आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़े पैमाने पर तैयारियां की हैं. कुंभ मेले में शामिल होने के लिए लाखों साधु-संत प्रयागराज पहुंच रहे हैं.

## महाराष्ट्र में दर्दनाक हादसा: श्रद्धालुओं से खचाखच भरी नाव नर्मदा नदी में पलटी, ६ डूबे, कई लापता

महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. बताया जा रहा है कि नर्मदा नदी में श्रद्धालुओं से खचाखच भरी एक नाव पलट गई है. घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है. खबरों के मुताबिक यह हादसा नाव पर ज्यादा लोगों के सवार हो जाने से वजन बढ़ने से हुआ है. फिलहाल राहत बचाव कार्य जारी है. हादसे में अब तक छह लोगों की मौत होने की सूचना है. जबकि कई लोग लापता बताए जा रहे है. जानकारी के मुताबिक हादसे के दौरान नाव पर ६० से ज्यादा लोग सवार थे. सभी मकर सक्रांति के अवसर पर जल पूजन के लिए नदी के दूसरी ओर गए हुए थे. लेकिन नाव पर क्षमता से अधिक लोग सवार होने के कारण बीच नदी में नाव पलट गई. हादसे के बाद नाव में सवार अधिकतर लोगो ने खुद तैर कर अपनी जान बचाई. हादसे के तुरंत बाद गांव वाले पीड़ितों की मदद के लिए पहुंचे और ३९ लोगों को निकालने में कामयाब रहे. अब तक मिल रही सूचना के अनुसार मृतकों में तीन लड़के व दो महिलाएं शामिल हैं. जिस जगह नाव डूबी वहां नदी की गहराई काफी ज्यादा है. एक अधिकारी ने बताया कि अब तक कुल ३६ लोगों को बचाया गया है और उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृतक उत्तर महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल जिला में नदी तट पर स्थित गांवों के निवासी है. अधिकारी ने बताया कि बचाव कार्य चल रहा है.

## आजाद भारत के पहले सेनाध्यक्ष को समर्पित है ये दिन, पाक राष्ट्रपति भी करता था इनके जज्बे को सलाम

भारतीय थल सेना हर साल १५ जनवरी को (सेना दिवस) मनाती है. सेना दिवस के मौके पर स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय सेनाध्यक्ष के. एम. करिअप्पा के पद ग्रहण उपलक्ष्य को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है. करिअप्पा ने १५ जनवरी १९४९ को ब्रिटिश राज के समय के भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर (उर्हीत एँर ईहिमे'ल्मृपे) से यह पदभार ग्रहण किया था. रिटायरमेंट के ३३ साल बाद करिअप्पा को फील्ड मार्शल की उपाधि से नवाजा गया था. यह दिन सैन्य परेडों, सैन्य प्रदर्शनियों व अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों के साथ दिल्ली व सभी सेना मुख्यालयों में मनाया जाता है.

२८ जनवरी १८९९ में कर्नाटक के कुर्ग में शनिवर्सांथि नामक स्थान पर करिअप्पा का जन्म हुआ था. करिअप्पा को घर के सभी लोग प्यार से 'चिम्मा' कहकर पुकारते थे. करिअप्पा ने महज २० साल की आयु में ब्रिटिश भारतीय सेना में नौकरी शुरू की थी. करिअप्पा ने सेकेंड लेफ्टिनेंट पद पर सेना में नौकरी की शुरुआत की थी. करिअप्पा ने साल १९४७ के भारत-पाक युद्ध में पश्चिमी सीमा पर सेना का नेतृत्व किया था. १५ जनवरी १९४९ में उन्हें भारत का सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था. इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष १५ जनवरी को सेना दिवस के तौर पर मनाया जाता है.

करिअप्पा को आजादी के वक्त दोनों देशों की सेनाओं के बंटवारे की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसे उन्होंने पूरी ईमानदारी से निभाया था. करिअप्पा साल १९५३ में सेना से रिटायर हो गए थे. करिअप्पा ने अपनी सर्विस के दौरान कई कारनामे किए लेकिन रिटायरमेंट के बाद उनकी जिंदगी का एक ऐसा प्रसंग है जिसने उन्हें सबसे महान सैनिक बना दिया था. १९६५ के भारत-पाक युद्ध के दौरान करिअप्पा रिटायर होकर कर्नाटक में रह रहे थे. उनका बेटा के. सी. नंदा करिअप्पा उस वक्त भारतीय वायुसेना में फ्लाइट लेफ्टिनेंट था. युद्ध के दौरान उनका विमान पाकिस्तान बॉर्डर में प्रवेश कर गया, जिसे पाक सैनिकों ने गिरा दिया. नंदा ने विमान से कूदकर जान तो बचा ली, लेकिन पाक सैनिकों ने उन्हें कब्जे में ले लिया.

इस वक्त पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान थे. अयूब खान कभी करिअप्पा के जूनियर थे और भारतीय सेना में नौकरी कर चुके थे. नंदा के पकड़े जाने का पता अयूब खान को चला तो उन्होंने तुरंत के. एम. करिअप्पा को फोन किया और बताया कि वह उनके बेटे को रिहा कर रहे हैं. इस पर करिअप्पा ने बेटे का मोह त्याग कर कहा कि वो सिर्फ मेरा बेटा नहीं, भारत मां का लाल है. उसे रिहा करना तो दूर कोई सुविधा भी मत देना. करिअप्पा ने अयूब खान से कहा कि या तो आप सभी युद्धबंदियों को रिहा करें या फिर किसी को नहीं. हालांकि युद्ध खत्म होने के बाद सभी युद्धबंदियों को रिहा कर दिया गया.

## २०१९ में कांग्रेस के लिए रघुराम राजन बनेंगे तुरूप का इक्का?

नई दिल्ली, कांग्रेस पार्टी आम चुनाव में लोगों के बीच रोजगार को सबसे बड़ा मुद्दा बनाने जा रही है। मोदी सरकार के पांच वर्षों के कामकाज की सबसे बड़ी विफलता के रूप में रोजगार के मुद्दे को पेश करते हुए पार्टी अपने घोषणा पत्र में विस्तार से रोडमैप पेश करेगी कि रोजगार कैसे और किस तरह पैदा करेंगे? इसके लिए पार्टी विजन डॉक्यूमेंट बना रही है, जिसमें रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन अहम भूमिका बना रहे हैं। दरअसल, उन्होंने एक डीटेल रिपोर्ट इस संबंध में बनाई है, जिसका उपयोग पार्टी करेगी।

हालांकि रघुराम राजन पार्टी में शामिल होंगे या कोई भूमिका होगी या नहीं, अभी इस बारे में कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। पार्टी के एक सीनियर नेता ने स्वीकार किया कि उन्होंने रोजगार के बारे में एक डीटेल रिपोर्ट दी है जिसे कांग्रेस के घोषणा पत्र में जगह दी जा सकती है। आपको बता दें कि रघुराम राजन की विवादित स्थिति में रिजर्व बैंक से विदाई हुई थी। वह पूर्व में मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की कई बार सार्वजनिक आलोचना कर चुके हैं। वह मोदी सरकार के दौरान २०१६ में हुए नोटबंदी के भी कटु आलोचक रहे हैं। अब रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस को अपनी रिपोर्ट देने के बाद पूर्व गवर्नर को लेकर सियासी अटकलें तेज हो गई हैं।

### रोजगार पर राहुल करेंगे देशभर में टाउन हॉल प्रोग्राम

कांग्रेस के सीनियर नेता और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने एनबीटी को बताया कि रोजगार निश्चित तौर पर सबसे बड़ा मुद्दा रहेगा और पार्टी इसके लिए हर सुझाव को शामिल कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी इस मुद्दे पर देश के अलग-अलग हिस्से में टाउन हॉल प्रोग्राम करेंगे जो पार्टी के कैंपेन का अहम हिस्सा होगा। ऐसे करीब एक दर्जन कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बीजेपी की तरह दो करोड़ रोजगार देने जैसी कोरी घोषणा नहीं करेगी बल्कि वह रोजगार को किस तरह और कैसे पैदा करेगी, इस बारे में साफ-साफ रोडमैप होगा। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के घोषणा पत्र में खासकर असंगठित क्षेत्र में रोजगार को सबसे अधिक हाइलाइट किया जाएगा।

## राकेश अस्थाना को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका, FIR रद्द करने की याचिका खारिज, जारी रहेगी जांच

दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई के विशेष डायरेक्टर राकेश अस्थाना और डिप्टी एसपी देवेंद्र कुमार की सभी याचिकाएं खारिज कर दी है याचिका में दोनों अधिकारियों ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी. दिल्ली हाईकोर्ट ने सीबीआई के विशेष निदेशक राकेश अस्थाना को राहत नहीं दी है. उनके खिलाफ जांच जारी रहेगी. हाई कोर्ट ने १० हफ्ते में जांच पूरा करने का आदेश दिया है. हाई कोर्ट ने यह फैसला अस्थाना, देवेंद्र कुमार और प्रसाद की याचिकाओं पर सुनाया.सीबीआई निदेशक आलोक वर्मा ने कहा था कि अस्थाना के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों में FIR दर्ज करते समय सभी अनिवार्य प्रक्रियाओं का पालन किया गया था. शिकायतकर्ता हैदराबाद के कारोबारी सतीश बाबू सना ने आरोप लगाया था कि उसने एक मामले में राहत पाने के लिए रिश्वत दी थी. सना ने अस्थाना के खिलाफ भ्रष्टाचार, जबरन वसूली, मनमानापन और गंभीर कदाचार के आरोप लगाए थे. सीबीआई के डीएसपी देवेंद्र कुमार के खिलाफ भी FIR दर्ज की गई थी.बता दें कि सीबीआई ने १५ अक्टूबर २०१८ को अस्थाना के खिलाफ ईंट दर्ज करके उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे. कारोबारी सतीश बाबू सना की शिकायत के आधार पर आरोप लगे हैं.

## BJP को हराने के लिए साथ आए SP-BSP

**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी यानी बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को औपचारिक रूप से गठबंधन का ऐलान करते हुए कहा है कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी. इस मौके पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने अखिलेश के चाचा शिवपाल यादव के बार में कुछ ऐसा कहा कि पूरा प्रेस कॉन्फ्रेंस हाल हंसी के ठहाको से गूंज उठा. यहां खास बात तो यह है कि मायावती की इस चुटकी पर अखिलेश यादव भी अपनी हंसी रोक नहीं पाए और वो भी हंस पड़े. दरअसल, अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव ने सपा से अलग होकर अपनी एक नई पार्टी बनाई है. इस पर चुटकी लेते हुए मायावती ने कहा कि पर्दे के पीछे जिस तरह से बीजेपी शिवपाल यादव पर पानी की तरह पैसा बहा रही है वो सब बेकार चला जाएगा, क्योंकि शिवपाल यादव की पार्टी समेत मुस्लिमों, दलितों और पिछड़ों के नाम पर बनाई गई पार्टियों और बीजेपी के संगठन के द्वारा मैदान में उतारे गए प्रत्याशियों को यूपी की जनता अपना वोट नहीं देगी.

## प्रधानमंत्री डरे हुए हैं, वह सो नहीं सकते: राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** आलोक वर्मा को सीबीआई निदेशक पद से हटाए जाने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि राफेल मामले का डर प्रधानमंत्री के दिमाग में घूम रहा है जिस वजह से वह सो भी नहीं सकते। गांधी ने ट्वीट करके कहा, 'मोदी जी, के दिमाग में डर घूम रहा है। वह सो नहीं सकते। उन्होंने वायुसेना से ३० हजार करोड़ रुपये की चोरी की और अनिल अंबानी को दिए।' उन्होंने कहा, 'सीबीआई प्रमुख आलोक वर्मा को दो बार हटाना स्पष्ट रूप से यह दिखाता है कि प्रधानमंत्री अब अपने ही झूठ



से घिर चुके हैं। सत्यमेव जयते।' गौरतलब है कि राफेल मामले को लेकर गांधी प्रधानमंत्री पर निशाना साधने के साथ अनिल अंबानी पर भी आरोप लगाते हैं। अंबानी समूह उनके आरोपों को पहले ही खारिज कर चुका है। उधर, सीबीआई निदेशक को हटाए जाने के बाद कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वर्मा को हटाने के इस कदम से फिर साबित हो गया है कि मोदी राफेल मामले की जांच से डरे हुए हैं। पार्टी ने आधिकारिक ट्वीट में कहा, ''अपना पक्ष रखने का मौका दिए बिना आलोक वर्मा को हटाकर प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर दिखाया है कि वह राफेल मामले की किसी भी तरह की जांच से डरे हुए हैं, चाहे वह सीबीआई निदेशक द्वारा जांच हो या जेपीसी की जांच हो।''

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त चयन समिति की मैराथन बैठक के बाद आलोक वर्मा को गुरुवार को सीबीआई निदेशक पद से हटा दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि १९७९ बैच के एजीएमयूटी कैडर के आईपीएस अधिकारी वर्मा को भ्रष्टाचार और कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के आरोप में पद से हटाया गया। इसके साथ ही एजेंसी के इतिहास में इस तरह की कार्रवाई का सामना करने वाले वह सीबीआई के पहले प्रमुख बन गए हैं।

## कॉलेजों में गरीब सवर्णों को इसी साल से कोटा

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने २०१९-२० से शुरू हो रहे शिक्षण सत्र से देशभर के सभी यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में गरीब स्टूडेंट्स को १०% कोटा देने का ऐलान किया है। एचआरडी मिनिस्टर प्रकाश जावडेकर ने साफ किया कि प्राइवेट इंस्टिट्यूट में भी यह कोटा लागू होगा। इस दौरान पहले से एससी, एसटी और ओबीसी के लिए लागू कोटे को बिल्कुल प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। गरीब सवर्णों को कोटे के लिए स्कूल-कॉलेजों में नई सीटें क्रिएट की जाएंगी। करीब २५% सीटें बढ़ेंगी। जावडेकर ने कहा कि एक सप्ताह में बढ़ाई जाने वाली सीटों की सही संख्या बता सकेंगे। इस बारे में मंगलवार को एचआरडी मंत्रालय, यूजीसी और एआईसीटीई के अधिकारियों की मीटिंग भी हुई। प्रॉस्पेक्टस में भी गरीब सवर्णों के लिए आरक्षण का जिक्र करना होगा।


## आवश्यकता है

**मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर,इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :**

संपर्क : मो.
९८२१२८७९०५,
९३२२२४८३५३-
९१६७००९६२९
Email :

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक - दीनानाथ एम. तिवारी, कार्यकारी संपादक- कर्ण हिन्दुस्तानी, उपसंपादक- शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल संरक्षक- वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - चीफ एड डिपार्टमेन्ट- निलेश पांडे वितरक-सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)
उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
कानून सलाहकार- डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, संपर्क : टेलीफेक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

# पानी के लिए तरसती जनता, पानी काला बाजारी के व्यापार में तेज रफ्तार

**विरार/पूर्व,** वसई-विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग सी वेः क्षेत्र सर्वे न.२४७,पालशा पाड़ा पेल्हार,में गाँव की जनता पानी के बूंद को ले कर तरसती नजर आ रही है गाँव में लगभग ५०-६० घरों के परिवार रहते है वही दूसरी तरफ पानी व्यापारियों का व्यापार तेज रफ्तार से चल रहा है उन्हें




गाँव की महिलाओं को दूर-दूर से पानी भरने के लिए मजबूरन जाना पड़ता है कितनी बार इस बात की शिकायत मनपा अधिकारी व नगर सेवक से किया जा चुका है लेकिन किसी को जनता में पानी समस्या को लेकर शिकायत का कोई फर्क नहीं पड़ा है पिछले एक वर्ष से लगभग यहाँ के नल में पानी नहीं आया है.







पानी की कमी भी मनपा महसूस नहीं होने दे रहा है

आपको बता दे कि वसई-विरार शहर मनपा क्षेत्र में पानी की काला बाजारी चरम सीमा पर है इसके साथ साथ निरर्थक पानी बर्बाद भी सड़कों पर होता नजर आया है पानी व्यापारी को पानी की कमी साल के किसी एक महीने में भी नहीं होता है लेकिन आम जनता को बरसात में भी पानी आवश्यकता अनुसार नहीं मिल पाता है,अप्रैल,मई,जून,जुलाई महीने की बात ही अलग है इन महीनों में तो जनता को पानी के लिए बहुत ज्यादा तकलीफ उठाना पड़ता है. इंदुमती गवते भूतपूर्व ग्राम पंचायत सदस्य द्वारा जानकारी मिला है कि पिछले दो वर्षो से नल का कनेक्सन काट दिया गया है

वसई-विरार शहर मनपा प्रभाग सी वेः विभागीय अधिकारी व वाड.क्र.1 के नगर सेवक दिलीप गोवारी जनता की समस्या सुनने के लिए फोन तक उठाने को तैयार नहीं है,ऐसे नगर सेवक व मनपा अधिकारी के देख रेख में जनता का असुविधा से मुक्ति पाना नामुमकिन दिखाई पड़ रहा है अब देखना है गरीब जनता को पानी की समस्या से निजात सरकार कब और कैसे दिलाती है.

# मुंबई लूट काण्ड के मुख्य आरोपी का पेड़ से लटकती हुई मिली लाश, क्षेत्र में हड़कंप...


**मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर)।** मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सराय रहिचन्दा गाँव मे शुक्रवार को सुबह एक व्यक्ति का संधिग्ध अवस्था में पेड़ से लटकता शव देख क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।गाँव मे शोरगुल की आवाज सुनकर अगल - बगल के लोग इकठ्ठा हो गए। इसी दौरान मौके पर जुटी भीड़ में आए लोगो ने मृतक की पहचान सुरेन्द्र यादव पुत्र सत्यनारायण (३९) निवासी मादरडीह, मुंगराादशाहपुर के रूप में की।



बताते है कि उक्त गाँव निवासी सुरेन्द्र कुमार मुम्बई में रह कर टैक्सी चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था और दो दिन पूर्व मुम्बई से अपने घर आया था । शुक्रवार की सुबह फाँसी पर लटकते हुए युवक का शव मिलने की सूचना क्षेत्र में जंगल मे आग की तरह फैल गयी । घटना के बाद लोग इसी बात की चर्चा कर रहे थे कि युवक ने मौत को गले क्यो लगाया। इसी दौरान मुम्बई के पालघर जिले के नाला सोपारा के तुलिंज थाना क्षेत्र में ८ जनवरी को कैश वैन से हुई लाखो की लूट के सिलसिले में एक आरोपी की तलाश करने मुम्बई पुलिस शुक्रवार को तड़के मुंगराबादशाहपुर आयी थी। क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या करने को सुनकर मुम्बई पुलिस भी मौके पर पहुच गयी । मुम्बई पुलिस के मौके पर पहुचते ही मामला और संधिग्ध हो गया क्योंकि जिस व्यक्ति की तलाश में मुम्बई पुलिस यहां आयी थी उसी व्यक्ति ने आत्म हत्या कर लिया था ।मुम्बई पुलिस ने मुंगराबादशाहपुर के प्रभारी निरीक्षक को पूरे मामले से अवगत कराते हुए मृतक को मुम्बई में हुए कैश वैन लूटकांड का मुख्य आरोपी बताया। जिसके बाद पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया और मुम्बई पुलिस के साथ मिल कर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी । इसी बीच सूचना घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी मछलीशहर विजय सिंह भी मौके पर पहुच गए और मुम्बई पुलिस के क्राइम ब्रांच से आए प्रभारी निरीक्षक आनन्द करकरे एंव उनके टीम से वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद प्रभारी निरीक्षक शशि भूषण राय को पूरे प्रकरण की जांच करने का निर्देश दिए । मौके पर सतहरिया चौकी प्रभारी देवेन्द्र दुबे भी मौजूद रहे।क्षेत्र में घटी इस घटना से लोगो मे तरह - तरह की अफवाहों का बाजार गर्म है।

# क्या मुंबई में हैं लाखों जाली वोटर, मुंबई कांग्रेस प्रमुख संजय निरूपम का आरोप

**मुंबई:** मुंबई कांग्रेस प्रमुख संजय निरूपम ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुंबई और महाराष्ट्र में लाखों जाली मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा, 'कई (वास्तविक) मतदाता हैं, जिनका दावा है कि उन्हें अपना वोटर पहचान पत्र नहीं मिला है। या तो ये कांग्रेस के मतदाता हैं या फिर वे अल्पसंख्यक समुदाय के लोग हैं।' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मगाठाणे विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने ६३८ मतदाता पहचान पत्र की पड़ताल की, इसमें केवल १८२ वास्तविक



मतदाता थे। दिंढोसी निर्वाचन क्षेत्र में ५५२ मतदाता पहचान पत्र की जांच की तो इसमें केवल २९० ही असली थे।

उन्होंने आरोप लगाया, 'हर विधानसभा क्षेत्र में १५००० से २०००० जाली मतदाता पंजीकृत हैं। हर संसदीय क्षेत्र में ऐसे जाली मतदाताओं की संख्या सवा लाख से डेढ़ लाख तक है।'

निरूपम का दावा है कि ६ लोकसभा सीटों वाली मुंबई में बड़ी तादाद में फर्जी वोटर्स के नाम शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक ही चुनावी क्षेत्र में एक ही व्यक्ति के अलग-अलग चुनावी बूथों में कई सारे वोटर आईडी हैं।'

## नालासोपारा में दो दुकानें जलकर खाक

**नालासोपारा :** नालासोपारा पश्चिम के सत्पाला इलाके में सोमवार की दोपहर शार्ट सर्किट से दो दुकानों में आग लग गई। आग लगने से दोनों दुकानें जलकर खाक हो गईं। आगजनी में लाखों का नुकसान होने की बात सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार १२ बजे के आसपास नालासोपारा पश्चिम के सत्पाला गांव स्थित वर्षा हाउस व ए-वन सेल्स एंड सर्विस दुकानों में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद मौके पर पहुंची फायरब्रिगेड टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तबतक दुकानें पूरी तरह जल चुकी थीं।

# मेरे राजनैतिक आदर्श हैं मा. श्री. हितेंद्र ठाकुर-अमित चौधरी

**- पूजा पाण्डेय**

**पालघर जिले के** विरार क्षेत्र के प्रखर समाजसेवक अमित चौधरी इन दिनों चर्चा में है। ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ ह्युमन राईट्स, लिबर्टी एण्ड सोशल जस्टिस संस्था में अमित चौधरी को (पालघर जिला सचिव-पब्लिक ग्रेवियेंस) नियुक्त किया गया है। श्री चौधरी समाज के गरीब तबके के लिए हमेशा सहर्ष मदद के लिए खड़े रहते हैं। उन्होंने अभी तक कई गरीबों को राशन, जरूरतमंदों को कपडे व जरूरी गृहउपयोगी सामग्री देकर मदद की है। अमित



चौधरी गुप्त दान में विश्वास रखते हैं इसलिए पूछे जाने पर उन्होंने खुलकर अपने द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों का बखान नहीं किया। ज्यादा कुरेदने पर उन्होंने बताया कि उन्होंने गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, दही हंडी, गणेशोत्सव, नवरात्रि, होली-दिवाली आदि त्योहारों के आयोजन पर गरीब तबके की भरसक मदद करते हैं।

राजनीति के क्षेत्र में बहुजन विकास आघाडी के सर्वेसर्वा मा. श्री हितेंद्र ठाकुर को अपना आदर्श मानते हैं व उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों से प्रभावित हैं।

# आतंकी साजिश: उत्तर प्रदेश और पंजाब में NIA के छापे

**मेरठ :** आईएसआईएस मॉड्यूल के खुलासे मामले में नैशनल इनवेस्टिगेशन टीम (एनआईए) ने एक बार फिर ताबड़तोड़ छापेमारी की है। यह छापेमारी पंजाब और वेस्टर्न यूपी के सात ठिकानों पर की गई है। एनआईए की टीम यूपी के अमरोहा और हापुड़ सहित अन्य जगहों पर पहुंची और यहां छापेमारी की। बताया जा रहा है कि हापुड़ से दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ जारी है।

२६ दिसंबर को एनआईए ने आईएसआईएस मॉड्यूल 'हरकत उल हर्ब ए इस्लाम' का खुलासा किया था। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश और नई दिल्ली समेत १६ जगहों पर छापेमारी की गई थी। साथ ही १० लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिसमें से पांच को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के रहने वाले थे। इस खुलासे के बाद एनआईए की टीम लखनऊ भी पहुंची थी और यहां से भी एक मां-बेटे को हिरासत में लिया था।

**एक गांव में २६ दिसंबर के बाद से ६ बार छापे**

'हरकत उल हर्ब ए इस्लाम' के खुलासे के बाद हिरासत में लिए गए लोगों ने पूछताछ में कई लोगों के नाम लिए। इसके बाद एनआईए ने एक के बाद एक ताबड़तोड़ कई छापे मारे। मेरठ के एक गांव में तो एनआईए तब से छह बार छापेमारी कर चुकी है।

**चार दिन पहले छोड़ा गया था युवक**

चार दिन पहले एनआईए ने हापुड़ के पिपलैंडा गांव के रहने वाले ताहिर के घर पर ७० स्टाफ की टीम के साथ दबिश दी थी। दबिश मेरठ के गांव जरोड़ा निवासी मौलाना अफसार की निशानदेही पर दी गई। इस दौरान शहजाद को हिरासत में लिया गया। टीम ने शहजाद के पास कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज, किताब और चिप भी बरामद की थीं। १६ घंटे की कड़ी पूछताछ के बाद उसे चार दिन पहले छोड़ा गया था। सूत्रों की मानें तो उसकी निशानदेही पर ही एनआईए आगे छापेमारी कर रही है।

**'किताब और चिप के बारे में पूछा'**

शहजाद ने बताया कि एनआईए के साथ मेरठ के जसौरी गांव निवासी मौलाना अफसार भी था। टीम ने सिर्फ इतना ही पूछा कि उर्दू, अरबी की किताबें व चिप कहां से आई। उसने बताया कि ये चीजें कुछ समय पहले मौलाना अफसार ने रखने के लिए दी थीं। उसे नहीं पता चिप और किताब में क्या है। इसके बाद टीम ने छानबीन करने के बाद क्लीन चिट दे दी।

# १८० लोगों को घर व न्याय दिलाने के लिए भारतीय...

(पृष्ठ १ का शेष)

भौमसिंह राठौड, प्रभाग समिति की अध्यक्षा जया सतनामसिंग तिवाना सहित कई शासन प्रशासन के अधिकारी, नेताओं ने घटना स्थल का दौरा किया और सभी जनप्रतिनिधियों ने लिखित पत्र देकर लोगों के जीवन सुरक्षा के लिए शासन-प्रशासन से आग्रह किया था। यह जानकारी पूछताछ के दौरान उत्तर पश्चिम जिला काँग्रेस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी ओमप्रकाश पांडेय ने कहा है कि विधानसभा में विद्या चव्हाण ने आवाज उठाई तो मुख्यमंत्री ने दिया था आश्वासन, जिसकी वजह से सत्य की लड़ाई लड़ने वालों की हुई जीत और आज विकास का नया रास्ता पूर्ण रूप से खुल गया।

मेट्रो दिनांक के पत्रकार की पूछताछ के दौरान दिंडोशी तालुका कार्यकारी अध्यक्ष स्लम सेल काँग्रेस पार्टी के शीतला प्रसाद यादव ने कहा है कि पोईसर नदी के बगल में रहने वाले १८० परिवार को न्याय मिलने में और सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए ९ वर्ष लग गए।यह शासन और प्रशासन की निष्क्रियता का प्रमाण है। राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी सत्यवान सोनावणे ने कहा है कि जीत की खुशबू और महक के दावादेर आमदार विद्या चव्हाण हैं और तालुका अध्यक्ष वैभव भरडकर है। क्योंकि इन्होंने विधानसभा में भाजपा सरकार को हिला कर रख दिया था।

वरिष्ठ समाजसेवक डॉ. आर.एम. तिवारी ने कहा है कि भारतीय सेवा महासंघ मुंबई का कई वर्षों से अथक प्रयत्न, वैभव भरडकर का नेतृत्व आमदार विद्या चव्हाण का विधानसभा में उठाई आवाज से न्याय मिला। वैष्णोदेवी को.ऑप. क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड के चेयरमैन प्रवीण खडताले ने कहा है कि २५ सालों से बर्बाद हो रहे पोईसर नदी के रहिवाशियो को भारतीय सेवा महासंघ और आमदार विद्या चव्हाण ने घर दिलाकर बहुत अच्छा काम किया है। अगर ठीक इसी प्रकार से अप्पा पाड़ा का बंद डी.पी. रोड के मुद्दे को शासन प्रशासन तक पहुंचाकर खुलवा दिया जाता तो कुरार अप्पा पाडा की ट्रॉफिक की समस्या जो सबसे बड़ी है वह खत्म हो जाती और एक जनहित का बहुत बड़ा कार्य हो जाता।

गौरतलब है कि वन विभाग में बसे झोपडा धारकों की लड़ाई लड़कर हर संभव सुविधा दिलाने वाली आमदार विद्या ताई ने पोईसर नदी के लोगों के लिए विधानसभा में जो आवाज उठाकर उन्हें सुरक्षित स्थान में फ्लैट (घर)दिलाने में योगदान किया इससे पूरे पीड़ित लोगों ने उनकी सराहना करते हुए बाजे गाजे के साथ पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया है।

# मध्य रेलवे के तीन और स्टेशन हुए 'ग्रीन'

**मुंबई:** मध्य रेलवे के रोहा, पेन और आप्टा स्टेशन भी ग्रीन स्टेशन बन गए हैं। ऊर्जा सरंक्षण और पारंपरिक बिजली की खपत को कम करने में मध्य रेल का आसनगांव भारयीत रेलवे का दूसरा 'ग्रीन' स्टेशन था। इस स्टेशन की बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा का इस्तेमाल होता है, जिसमें सौर और पवन चक्की द्वारा उत्पादित बिजली का उपयोग होता है। इसके बाद नेरल-माथेरान स्टेशनों के बीच जुम्मापट्टी, वाटरपाइप, अमन लॉज और माथेरान को भी हरित ऊर्जा में बदल दिया गया।



रोहा, पेन और आप्टा के ग्रीन स्टेशन बन जाने से ऊर्जा की काफी बचत होगी। इन स्टेशनों पर बिजली की आवश्यकता अब सौर और पवन चक्की से उत्पन्न हरित ऊर्जा से पूरी होती है। रोहा स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग ६५-८० किलोवाट बिजली पैदा करने वाले १५ केडब्ल्यूपी सौर ऊर्जा पैनल हैं। पहले रोहा स्टेशन का विद्युत भार २१ किलोवाट था, जबकि वर्तमान भार केवल ८०३ ऊर्जा की बचत के साथ ११.८१ किलोवाट है। ग्रीन स्टेशन बन जाने से वार्षिक बचत ३.५४ लाख रुपये होगी। आर्थिक बचत भले ही बहुत ज्यादा न हो, लेकिन पर्यावरण की दृष्टि से ग्रीन स्टेशनों का बनना महत्वपूर्ण है। पेन स्टेशन में ५ केडब्ल्यूपी सौर ऊर्जा पैनल और ७.२ केडब्ल्यूपी सौर और पवन चक्की है, जो रोजाना लगभग ६०-७० किलोवाट बिजली पैदा करती है। पेन स्टेशन पर १४ किलोवाट का भार घटकर ७.६५ किलोवाट रह गया है, जिससे ८०३ ऊर्जा की बचत हो रही है। पैसे के संदर्भ में वार्षिक बचत २.१९ लाख रुपये होगी। आप्टा स्टेशन पर रोजाना २५-३० किलोवाट बिजली पैदा करने वाले ५ केडब्ल्यूपी सौर ऊर्जा पैनल हैं। ८.५२ किलोवाट का भार घटकर ४.३८ किलोवाट रह गया है, जिससे ८०३ ऊर्जा की बचत हो रही है। लाभ के संदर्भ में बात करें तो वार्षिक बचत ३.२६ लाख रुपये होगी।

**सूरज से ठंडा होता है पानी**

सभी तीन स्टेशनों पर १५० लीटर की भंडारण क्षमता वाला सोलार वॉटर कूलर है, जबकि रोहा में ३ एचपी क्षमता का एक सोलार वॉटर पंप है, आप्टा और पेन में १५० लीटर प्रत्येक और सौर ऊर्जा संचालित प्रशंसकों की भंडारण क्षमता वाला सोलर वॉटर कूलर है। इन ग्रीन स्टेशनों पर उत्तम ऊर्जा वाले कुशल बीएलडीसी सीलिंग पंखे प्रदान किए गए हैं। इन स्टेशनों पर ऊर्जा डेटा की निगरानी वास्तविक समय के आधार पर ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली (बीईएमएस) के माध्यम से की जाती है।

**रेलवे ने हमेशा ही पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा संचयन के लिए पहला कदम उठाया है। इसी क्रम में मुंबई के उपनगरीय स्टेशनों पर वैकल्पिक ऊर्जा का इस्तेमाल कर बिजली बचाने का काम किया जा रहा है।**

-सुनील उदासी, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, मध्य रेलवे



भारतीय जनता पार्टी मालाड पश्चिम विधानसभा प्रभाग क्रमांक ४६, लिबर्टी गार्डन रोड आय सी आय सी बँक से वामनराव चौक राज मनोर बिल्डिंग तक रस्ता गत कई वर्षों से दुर्लक्षित था। सुनिल कोळी के मार्गदर्शन व नगरसेविका सौ. योगीताताई सुनिल कोळी के लगातार प्रयत्नों से बृहमुंबई महानगरपालिका के निधी से रस्ते का सिमेंट-कॉंक्रीटीकरण व पर्जन्य वहिनी के काम का शुभारंभ सुनील कोळी यांच्या प्रमुख उपस्थितीत व नगरसेविका सौ. योगिता सुनील कोळी व पी-उत्तर विभाग की प्रभाग समिती अध्यक्ष श्रीमती जयातिवाना के हाथों किया गया।



भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र को सम्मानित करते प्रदेश के ऊर्जा मंत्री व प्रवक्ता श्रीकांत शर्मा जी

## कांदिवली, चारकोप सेक्टर ८ पार्क विकास कार्य प्रकरण

### साढ़े चार साल तक सांसद गोपाल शेट्टी की निरंतर अनुगति

# कोंकण के डिवीजनल कमिश्नर का फैसला नहीं होता है, तो सोमवार से काम शुरू होगा - सांसद गोपाल शेट्टी का संकेत

**मंजु तिवारी**

**मुंबई :** कांदिवली, चारकोप सेक्टर ८, म्हाडा में आर.जी २ के स्थान पर उद्यान का आरक्षण था । पार्क नाले के पास बनाया गया है। अक्टूबर २०१८ में, कोंकण भवन डिवीजनल कमिश्नर की एक समिति ने भूखंड के सौंदर्यीकरण पर रोक लगादी। उत्तरी मुंबई के सांसद गोपाल शेट्टी ने अक्टूबर २०१७ से लगातार टेलीफोन कॉल या पत्राचार कर कोंकण डिवीजनल कमिश्नर से बातचीत जारी रखी। पिछले साढ़े चार साल से इस जमीन को सुशोभित करने वाले गोपाल शेट्टी ने अब आक्रमक भूमिका ली है। ८ जनवरी, २०१९ को फिर से, कोंकण भवन विभागीय आयुक्त ने आगामी सप्ताह में निर्णय लेने का आश्वासन दिया था। गोपाल शेट्टी ने चेतावनी दी है कि, यदि आप निर्णय लेने में असमर्थ हैं, तो कोंकण डिवीजनल कमिश्नर सोमवार (२१ जनवरी, २०१९) से अपना काम शुरू कर देंगे । आपको जो भी कार्रवाई करनी है वह करें।



इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी यह है कि शिकायतकर्ता द्वारा १० मार्च २०१६ को सीआरजेड और मॅन्ग्रोव्हज डिवीजन के उल्लंघन में एक शिकायत की गई थी। १९९२ की योजना के अनुसार, भूमि को आर.जी के रूप में आरक्षित किया गया था। ३० अक्टूबर, २०१७ को कलेक्टर कार्यालय से एक रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। इस रिपोर्ट के अनुसार, यह स्थान मॅन्ग्रोव्हज से ५० मीटर की दूरी पर है। इस भूखंड पर विकास कार्य उच्च न्यायालय के आदेश और अनुमती ले कर ही आरंभित किया जाए यह निर्देश न्यायालय द्वारा दिए गये थे। १७ सितंबर, २०१८ को मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश में, मॅन्ग्रोव्हज से ५० मीटर के भीतर सभी विकास कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। सदर भूखंड के क्षेत्र में, मॅन्ग्रोव्हज क्षेत्र ५० मी से बहुत दूर है। इसलिए, उच्च न्यायालय ने माना कि जनहित याचिका पर निर्णय का उल्लंघन नहीं हुआ। पगोड़ा, प्रस्तावित व्यायामशाला मॅन्ग्रोव्हज क्षेत्र से ५० मी से भी ज्यादा कि दुरी में है। इसलिये विकास कार्य नियमों के अनुसार हो रहा हैं यह बात जिलाधिकारी ने स्पष्ट कि । इस देरी को १४ साल हो चुके हैं।

२४ मई २०१३ को, म्हाडा को 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' और कलेक्टर की मंजूरी मिली। मुंबई स्लम इंप्रूवमेंट बोर्ड ने १८ फरवरी २०१४ में इस भूखंड को सुशोभित करने के लिए अपना आदेश दिया है। १० मार्च २०१६ को, शिकायतकर्ता ने विकास कार्य पर लोकायुक्त के पास फिरसे शिकायत दर्ज कराई। जिस के उपरांत मनपा द्वारा विकास कार्य को रोका गया। चूंकि इस प्लॉट कि गणना सीआरजेड २ में हो रहीं है में भूखंड का उल्लंघन किया जा रहा है, इसलिए सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' देने के लिए महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्राधिकरण को प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। MCZM की बैठक में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया। वनक्षेत्रपाल ने यह भी कहा कि आरजी २ भूखंड पर पॅगोडा का निर्माण मॅन्ग्रोव्हज से ५० मीटर की दूरी पर है।

इन उद्यानों को आम नागरिकों के स्वास्थ्य को तंदुरुस्त रखने और उन्हें नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से यह उद्यान निर्माण किया जा रहा है। हालांकि, कुछ उपद्रवियों की झूठी शिकायतों के कारण पार्क का विकास कार्य अटक गया है। 'यह मूल योजना में एक बगीचा है और यह सार्वजनिक सुविधा के लिए उपलब्ध होना चाहिए, और यह उनका मूल अधिकार है। मैंने कोंकण आयुक्त को सूचित किया है कि कांदिवली चारकोप सेक्टर ८ में एक बगीचे का निर्माण करेगा और अगर सरकार के सभी विभागों की अनुमति से विकास कार्य में देरी होती है, तो यह मामला बहुत दुःखद है। हालांकि म्हाडा प्राधिकरण पिछले ३० वर्षों से अस्तित्व में है, फिरभी उद्यान का विकास हो नहीं प रहा। इस पार्क के निर्माण को रोकने के लिए ऍं और मॅन्ग्रोव्हज विभाग के कारण कुछ सामाजिक तत्वों का नेतृत्व किया जा रहा है। यह स्थान संरक्षित वन से बहुत दूर है। मैं इस बगीचे को बनाने के लिए पिछले ४ वर्षों से अथक प्रयास कर रहा हूं। पिछले २५ वर्षों से, इस उद्यान के भूखंडों का विकास नहीं होने के कारण स्थानीय लोग इस वंचित है। उद्यान के सौंदर्यीकरण के लिए 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' म्हाडा द्वारा दिया गया था। इस आधार पर, बृहन्मुंबई नगर निगम, महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्राधिकरण (महा कोस्टल ज़ोन प्राधिकरण), कमंडलवन सुरक्षा परिकर आदि को अनुमति दी गई है' आदी जानकारी सांसद शेट्टी ने दी।



कांदिवली पूर्व विधानसभा वार्ड क्रमांक २७ नरसीपाडा स्थित बाजीप्रभू चाल व तेलगू चाल के गटार व लादीकरण काम का भूमिपूजन स्थानिक नगरसेविका सौ. सुरेखा मनोजकुमार पाटील के हाथों पदाधिकारी व रहिवासी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# आमदार सुनील प्रभु ने शाखा प्रमुख सुभाष धानुका के कैलेंडर का किया उद्घाटन

**संवाददाता**

**मुंबई ।** मालाड (पूर्व) के चर्चित वरिष्ठ समाजसेवक व शिवसेना शाखा प्रमुख सुभाष धानुका ने नये वर्ष के शुभ अवसर पर हिन्दी, गुजराती, मराठी तीन भाषा में कैलेंडर बनवाया है, जिसका उद्घाटन आरे कॉलोनी ट्रॉफिक पुलिस विभाग कार्यालय के सामने आमदार सुनील प्रभु के कार्यालय में १४ जनवरी २०१९ को दिंडोशी विधानसभा के आमदार सुनील प्रभु ने किया। इस शुभ अवसर पर विभाग प्रमुख क्रमांक २ के सुधाकर सुर्वे, को.वि.स. संतोष धनावडे, उप वि.प्र. प्रदीप ठाकुर के अलावा आयोजक सुभाष धानुका शाखा प्रमुख ४४, महिला शाखा संघटक शोभा काले, युवा शाखा अधिकारी चेतन वेस्वीकर के अलावा भारी संख्या में महिला पुरुष, शिवसैनिक उपस्थित थे।



गौरतलब है कि वार्ड क्र. ४४ गुजराती, मराठी, बाहुल क्षेत्र माना जाता है। इसलिए शिवसेना ने इस वार्ड पर कब्जा (जीत) हासिल करने के लिए चर्चित समाजसेवक गुजराती भाषी स्वच्छ छवि के माने-जाने वाले सुभाष धानुका को शाखा प्रमुख बनाया है। ताकि चुनाव के समय गुजराती भाषी वोट बैंक शिवसेना के खाते में आसानी से आ सके और वार्ड क्र.४४ पर शिवसेना का कब्जा हो जाये। शिवसेना के यह सपना (सोच) को साकार करने के लिए शाखा प्रमुख सुभाष धानुका तरह-तरह के लुभावने कार्यक्रम करते रहते हैं। गौरतलब है कि सुभाष धानुका अपने शाखा के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों को लेकर क्षेत्र की जनता के घरों घर जाकर कैलेंडर बांटने और शिवसेना के कार्यों का महत्व बताने का कार्य कर रहे हैं।

# मालाड में जय श्रीराम ग्रुप द्वारा महाभंडारा

## युवा पीढी में धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम करने में बढ़ा उत्साह-कमलेश दुबे

## दो हजार लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



**संवाददाता**

**मुंबई ।** मालाड (पूर्व) कुरार विलेज, शिवाजी नगर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जय श्री राम ग्रुप द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था, जिसमें विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित राकांपा के पूर्व नगरसेवक अजीत रावराणे, राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी के तालुका अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, मेट्रो दिनांक समाचार पत्र के प्रधान संपादक दीनानाथ तिवारी, भारतीय सेवा महासंघ के उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, वरिष्ठ समाजसेवक रवि खेडेकर, अवधेश दुबे, घनश्याम जासवाल, अमर सिंह, प्रदीप जैन, प्रसाद राव इत्यादि गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में २००० से भी ज्यादा लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित अजित रावराणे के अलावा सभी गणमान्यों ने जय श्री राम ग्रुप की सराहना करते हुए शुभेच्छा दी। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजक प्रकाश विश्वकर्मा, देवेंद्र





सिंह राठौड, जयश्रीराम ग्रुप, सतीश नायर, उदय सालियन, रोशन सिंह, अमित सिंह, राम यादव, सुनिल निशाद, मंगेश विश्वकर्मा की टीम इत्यादि पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से भव्य कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल हुआ। कार्यक्रम से प्रेरित होकर भारतीय सेवा महासंघ के मुंबई उपाध्यक्ष कमलेश दुबे ने एक प्रेस रिलीज के माध्यम से कहा है कि मुंबई की चमक-दमक की दुनिया में जहां पर खुलेआम भारतीय संस्कृति की धजिज्यां उड़ाई जाती है और दिनोंदिन पश्चिमी संस्कृति का शिकार होकर पश्चिमी संस्कृति की वेशभूषा और स्टाईल में रहने वाले अपने आपको न जाने क्या समझते हैं और उनके माता-पिता अभिभावक भी अपने बच्चे पर अंकुश नहीं लगाते हैं। न ही अपने भारत की संस्कृति की रक्षा करते हैं, न ही अपने को पश्चिमी सभ्यता अपनाने से रोकते हैं। बाद में यही माता-पिता खून के आंसू रोते हुए पश्चाताप करते हैं। धन्य हैं जय श्री राम ग्रुप के युवा पीढ़ी और उनके माता पिता अभिभावक जो उन्होंने अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा दी है। मैं तहेदिल से इस युवा पीढी का स्वागत करते हुए शुभेच्छा देता हूं कि ये ग्रुप दिन दूना रात चौगुना देश हित में भारतीय संस्कृति की रक्षा करते निरंतर आगे बढ़ते रहें।




मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड ( पूर्व ), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com